खेत की रखवाली कर रहे किसान की गोली मारकर हत्या

शिकार करने आये युवकों ने बंदूक से फायर किया, एक कातिल गिरफ्तार

मदनगंज-किशनगढ, (निस)। किशनगढ सिटी थाना अंतर्गत गांव कुम्हरिया बेरा (उदयपुर कला) में खेत की रखवाली कर रहे किसान की गोली मारकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जबकि इसके भाई ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने देर शाम एक कातिल को धरदबोचा।

पुलिस की गिरफ्त में आया हत्यारा गांव का ही निवासी हैं। दरअसल टोपीदार बंदूक के साथ खेत के पास शिकार करने आये दो युवक इन दोनों भाइयों से उलझ गये और कहासुनी होने पर बंदूक से फायर कर गांव कुम्हरिया निवासी रंगलाल जाट (35) पुत्र छोटूलाल के सीने में गोली दाग दी। सनसनीखेज हत्याकांड को लेकर राजकीय अस्पताल में तनावपूर्ण हालात बन गये। भाजपा युवा नेता डॉ. विकास चौधरी, एडवोकेट दिनेश जाट सहित मृतक के परिजनों ने कातिलों को गिरफ्तार करने के साथ उचित मुआवजे की मांग को लेकर शव की सुपुर्दगी लेने से साफ इंकार कर दिया। इनका कहना था कि तीन बेटियों व एक बेटे के बेकसूर पिता की हत्या करने वाले गुनहगारों को गिरफ्तार किया जाये, उसके पश्चात ही मृतक का अंतिम संस्कार किया जायेगा।

गांव कुम्हरिया बेरा में शिकार करने आये युवकों ने फायर कर किसान की जान ली।

उपखंड अधिकारी परसाराम सैनी, पुलिस उपाधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल, मनीष शर्मा के अलावा तीन थानों की पुलिस की मौजूदगी में समझाईस का दौर चलता रहा, किन्तु करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद उपखंड अधिकारी सैनी द्वारा परिवार की सहायतार्थ 50 लाख रुपये एवं बिटिया को सरकारी नौकरी दिलाने के सम्बंध में कलेक्टर को प्रपोजल भेजने के लिये आश्वस्त किये जाने पर मामला शांत हो सका। साथ ही मौके पर मौजूद भाजपा नेता डॉ. विकास चौधरी ने 51 हजार रुपये, सांसद भागीरथ चौधरी, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया ने 50-50 हजार रुपये बतौर आर्थिक मदद करने पर सहमति जताई। वही मृतक जिस फैक्ट्री में कार्य करता था उसके मालिक राजीव शर्मा ने घर वालों को आजीवन हर माह पगार देने की घोषणा की। थाना प्रभारी नरपत सिंह ने बताया कि हत्याकांड को लेकर दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

ट्रेन की इमरजेंसी खिड़की से ढाई वर्षीय बच्चे की खेल-खेल में गिरने से मौत

अजमेर-मैसूर ट्रेन से बेंगलुरू जा रहा था परिवार

पिंडवाड़ा, (निसं)। अजमेर- मैसूर ट्रेन से बेंगलुरू जाने वाले दंपति का ढ़ाई वर्षीय बालक सफर के दौरान कोच में खेलते -खेलते आपातकालीन खिडकी में से बाहर जा गिरा जिससे वह गंभीर घायल हो गया। राजकीय चिकित्सालय पहुंचते ही बच्चे ने दम तोडा दिया। मां बाप का घटना के बाद रो रो के बुरा हाल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रावता राम पुत्र पूनमा राम जाति चौधरी निवासी मांडवला सायला गोल जालौर अपनी पत्नी इमरती अपने बच्चे भरत रुचिका वह चिराग के साथ शुक्रवार सुबह अपने घर से बेंगलुरु जाने के लिए फालना रेलवे स्टेशन पर अजमेर - मैसूर के कोच में सवार हुए थे। ट्रेन फालना रेलवे स्टेशन से रवाना होते ही तीनों बच्चे कोच में खेलने लगे। उस दौरान उन बच्चों का पिता लघुशंका के लिए गया हुआ था। वही माता बच्चों के साथ बैठी हुई थी। उसकी आंख लग गई। 9.30 बजे करीब ट्रेन केशव गंज स्टेशन पार करके पिंडवाडा रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ रही थी।

उन दोनों रेलवे स्टेशनों के बीच की कुछ ही दूरी पर उस दंपति का बच्चा चिराग अचानक आपात कालीन खिडकी से गिर गया। लोगों ने ट्रेन की खिडकी से बच्चा गिरता देख गाडी को चेन पुलिंग कर रूकवाया। गाडी रुकने पर चोट लगने से बच्चा लहूलुहान हालत में मिला। ट्रेन के लोको पायलट ने इस घटना की जानकारी रेलवे स्टेशन मास्टर को दी बाद में आरपीएफ के एसआई ओम प्रकाश चौधरी को दुर्घटना की जानकारी दी।

आरपीएफ के चौधरी किसी मदद का इंतजार किए बिना देर किए लहूलुहान हुए घायल चिराग को अपनी गोद में उठाकर अपनी बाइक पर बिठाकर राजकीय चिकित्सालय पिंडवाडा पहुंचे। जहां डॉ विनोद यादव ने घायल बच्चे का उपचार शुरू किया पर घायल बच्चे के शरीर में से अधिक खून बह जाने की वजह से स्थिति गंभीर नाजुक होने लगी और उपचार के दौरान ही चिराग ने दम तोड दिया।

सुजानगढ़ में मोर का शिकार करते हुए एक गिरफ्तार

सुजानगढ़ वन विभाग की टीम की गिरफ्त में राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार का आरोपी।

सुजानगढ़, (नि.स.) राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार के आरोप में वन विभाग ने एक जने को गिरफ्तार किया है। क्षेत्रिय वन अधिकारी ओकेश यादव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में टीम ने कार्यवाही करते हुए गांव मुरडाकिया में राष्ट्रीय पक्षी नर मोर का शिकार करते हुए बिरजू बावरी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से एक गिलोल बरामद की है। यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने के आदेश दिए गये। कार्यवाही के दौरान सहायक वनपाल मोहनलाल मारू, सहायक वनपाल महेन्द्रसिंह, वन रक्षक राकेश विश्नोई, वन रक्षक सुरेन्द्र भारी, केटलगार्ड सोहनलाल व भींवसिंह टीम में शामिल रहे। ज्ञात रहे कि वन विभाग की टीम द्वारा शिकारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 12 शिकारी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

- **आरोपी बिरजू बावरी के कब्जे से एक गिलोल बरामद की**

राजस्थान में पिछले डेढ़ साल से कांग्रेस मृत पड़ी हुई है: देवनानी

अजमेर, (कासं)। पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि उस कांग्रेस को कोई भी जिंदा नहीं कर सकता है, जो खुद अपने कर्मों से मरी पड़ी हुई है। जब गांधी परिवार की चापलूसी, युवा नेताओं की अनदेखी, कांग्रेस नेताओं की आपसी लड़ाई व फूट से कांग्रेसी बाहर नहीं निकलेंगे, तब तक कांग्रेस में जान फूंकने की बात बेमानी लगती है।

उदयपुर में शुक्रवार से शुरू हुए कांग्रेस के चिंतन शिविर पर प्रतिक्रिया देते हुए देवनानी ने कहा कि यह चिंतन शिविर कांग्रेस की स्थिति में सुधार करने के लिए नहीं, बल्कि उसे जिंदा रखने के लिए किया जा रहा है। असली बात तो यह है कि किसी समय देशभर में राज करने वाली पार्टी का वजूद ही अब खतरे में पड़ गया है और वह केवल दो राज्यों राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सिमट कर रह गई है।

- **देश भर में राज करने वाली पार्टी अब राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सिमटी**

देवनानी ने कहा कि राजस्थान में पिछल ेडेढ़ साल से कांग्रेस प्राय: मृत पड़ी हुई है। ना जिला इकाइयां हैं और ना ही मंडल व वार्ड इकाइयां। ऐसे में जब संगठनात्मक ढांचा और नेतृत्व नहीं है, तो कौन ऐसी नेतृत्वहीन पार्टी का साथ देगा। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को चिंतन शिविर के पहले दिन भी सारी चर्चाओं की धुरी गांधी परिवार ही रहा है। ऐसे में राजस्थान ही नहीं, देश भर के कमोबेश सभी कांग्रेस नेताओं ने गांधी परिवार के प्रति भक्ति और चापलूसी दिखाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। केवल भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसमें कोई भी ल ंबे समय तक अध्यक्ष नहीं रहता है और सभी को योग्यता के आधार पर काम करने का मौका मिलता है।

देवनानी ने कहा कि गांधी परिवार की वाहवाही ल ूटने की खातिर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूरी सरकारी मशीनरी को झोंक दिया है। उन्होंने कहा कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं, जबकि जनप्रतिनिधियों की आवाज दबाई जा रही है। कांग्रेस सरकार जनप्रतिनिधियों की आवाज पर अघोषित प्रतिबंध ल गा रही है। आमजन की आवाज उठाने के लि ए उदयपुर पहुंचे सांसद किरोडीलाल मीणा को बाहर निकाल ने की घटना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। देवनानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार की शह पर पुलि स द्वारा एक जनप्रतिनिधि को उदयपुर से बाहर किए जाने की घटना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा कुठाराघात है, इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी ही कम है।

राहुल गांधी ने ट्रेन से ही अभिनंदन स्वीकार किया

कपासन, (निसं)। राहुल गांधी उदयपुर में कांग्रेस चिंतन शिविर में शामिल होने दिल्ली से कपासन रेलवे स्टेशन मार्ग पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने नारेबाजी की आवाज सुनकर कोच के दरवाजे पर राहुल गांधी कुछ पल के लिए बाहर आकर हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार किया हालांकि राहुल गांधी रेलवे स्टेशन कपासन पर नहीं उतरे।

शुक्रवार को राहुल गांधी दिल्ली से ट्रेन द्वारा उदयपुर में कांग्रेस चिंतन शिविर में शामिल होने के जाते समय कपासन स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिया कार्यकर्ताओं की आवाज सुनकर कुछ पल के लिए कोच के दरवाजे पर आकर हाथ हिलाकर अभिनंदन स्वीकार किया। इस अवसर प्रधान भेरूलाल चौधरी ने मेवाड़ी पगड़ी और महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के शंकर लाल प्रजापत ने उपरना देकर व राजीव सोनी आदि ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व प्रधान ओम प्रकाश व्यास सरपंच दिनेश खटीक पूर्व सरपंच बालूराम चित्तौड़िया श्यामसुंदर सोमानी भेरुलाल बारेगामा अशफाक तुरकिया अली गुड्डू खान सहित आदि उपस्थित थे।

कार-ट्रैलर की टक्कर में एक की मौत, तीन जने घायल

सुजानगढ़, (निसं)। हनुमानगढ़-किशनगढ मेगा हाईवे पर गनोडा चौराहे पर कार और ट्रैलर की टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं तीन जने घायल हो गये। जानकारी के अनुसार सीकर जिले की लक्ष्मणगढ तहसील के गांव रोरू छोटी से कार में सवार चार युवक बीदासर तहसील के गांव गुंदूसर बारात में जा रहे थे। शुभम् पुत्र सुरेन्द्रसिंह , वीरम पुत्र जगदीशसिंह , चांदसिंह पुत्र शायरसिंह घायल हो गए।

गुलेरिया होटल के संचालक राकेश गुलेरिया ने टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार को हादसे के बारे में सूचना दी। जिसके बाद स्वर्णकार, एम्बूलेंस चालक नवरतन बिजारणिया, 108 के मनोहरसिंह, समन्दरसिंह, जगदीश मौके पर पहुंचे। दुघर्टना स्थल से महेन्द्र, राकेश व राकेश खीचड की सहायता से घायलों को 108 व निजी एम्बूलेंस की सहायता से राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉ. महेश महला, नर्स सुनीता स्वामी, रामनिवास ने घायलों का उपचार किया। उपचार के दौरान घायल जितेन्द्रसिंह ने दम तोड़ दिया। अन्य घायल चांद उर्फ जोगेन्द्रसिंह को सीकर रैफर किया गया। मृतक जितेन्द्र के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। पवन बिजारणिया, भागीरथ जाट, लोकेश दर्जी, चंद्रप्रकाश सराफ, विनोद ने घायलों की मदद की।

- **हनुमानगढ़-किशनगढ मेगा हाईवे पर हुआ हादसा**

राहुल गांधी मध्यरात्रि के बाद अजमेर से गुजरे

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी उदयपुर चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए आज रात मध्य रात्रि को दिल्ली से उदयपुर जाने वाली चेतक एक्सप्रेस से रेलवे स्टेशन अजमेर से गुजरे रेलवे स्टेशन पर भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच अजमेर जिला अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी रेलवे स्टेशन पहुंचे और राहुल गांधी की बोगी के बाहर राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाये।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चेतन चौहान ने बोगी से बाहर आकर कांग्रेसियों को बताया कि राहुल गांधी सो गए हैं और आपकी भावनाओं को अवगत करा दिया जाएगा। कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के लिए दुपट्टा साफा एवं भित्ति चित्र राष्ट्रीय सचिव चौहान को भेंट किया।

राष्ट्रीय सचिव चौहान को राहुल का दुपट्टा एवं भित्ति चित्र भेंट किया।

इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल, महेश चौहान, श्याम प्रजापति, नरेश सत्यावना, नोरत गुर्जर, विपिन वेसिल, अंकुर त्यागी, पार्षद नकुल खंडेलवाल, सैयद फैसल, मनीष सेठी, अजय गुर्जर, श्रवण टोनी, राजीव सिंह, कच्छावा ईश्वर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

- **बडी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे अजमेर रेलवे स्टेशन**
- **राहुल गांधी के सो जाने के कारण कांग्रेसी हुए निराश**

46 ई-मित्र कियोस्क धारकों को दिये नोटिस

बांसवाडा, (निसं.)। जिले के सक्रिय ग्रामीण एवं शहरी ई-मित्र कियोस्क में से 5 प्रतिशत ई-मित्र कियोस्क 131 का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें से 46 ई-मित्र कियोस्कों पर रेट लिस्ट, को ब्राण्डेड बैनर नहीं पाये गये जिनका राधारा एप में रेट लिस्टध्को-ब्राण्डेड बैनर उपलब्धता को नहीं मार्क किया गया एवं संबंधित कियोस्क धारक को निरीक्षणकर्ता द्वारा नोटिस देकर 3 दिवस में रेट लिस्ट चस्पा करने के लिए पाबंद किया।

साथ ही 11 ई-मित्र कियोस्क नागरिकों से राज्य स्तर से निर्धारित दर सूची से ज्यादा राशि लेते पाये गये जिनका नियमानुसार ऑवर चार्जिंग की शास्ति एक हजार एवं सात दिवस के लिए कियोस्क आईडी सस्पेंण्ड करने के आदेश जिला ई-मित्र सोसायटी एसीपी उपनिदेशक पदेन सचिव द्वारा जारी किये गये।

ई-मित्र सोसायटी एसीपी उपनिदेशक पदेन सचिव ने बताया कि जिन 11 ई-कियोस्क धारकों से शास्ति एक हजार एवं सात दिवस के लिए कियोस्क आईडी सस्पेण्ड की गई है उनमें पंचायत समिति सज्जनगढ के 7 कियोस्क धारक विकास कुमार पंचाल, मणीलाल, रोहित कलाल, भूपेन्द्र खज्जा, नरेश डामोर, कुतुबुदीन बोहरा एवं सुरेशचन्द्र तथा गढी पंचायत समिति क्षेत्र के शरद कुमार दोसी, परतापुर-गढी के अल्पेश शाह व अशोक कुमार यादव तथा बांसवाडा शहर के कियोस्क धारक दीपक शर्मा शामिल हैं।

परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिला तो दीवार पर चढ़ी युवती

परीक्षा केन्द्र पर देर से पहुंची युवती दीवार पर चढ़ गई जिसे यातायात पुलिसकर्मियों ने समझाकर उतारा।

धौलपुर, (निसं)। धौलपुर शहर में आयोजित हो रही कांन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में परीक्षा केंद्र पर शुक्रवार को 2 मिनिट देरी से पहुँचने के चलते दो युवतियों को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। जिससे नाराज एक युवती केंद्र के अंदर प्रवेश को लेकर दीवार पर चढ़ गयी। युवती को दीवार पर चढ़ता हुआ देख मौके पर मौजूद यातायात पुलिस कर्मियों ने उसे दीवार से नीचे उतारा। दोनों युवतियां मौके पर ही भावुक हो गयी। वही परीक्षा से वंचित रही युवतियों ने देरी का कारण परीक्षा के प्रवेश पत्र में अंकित केंद्र का गलत नाम बताया। दोनों युवतियों का कहना है कि उन्हें परीक्षा को लेकर जो प्रवेश पत्र दिए गए है उनमे केंद्र का नाम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर लिखा गया है, जबकि जिले में संचालित इस स्कूल को स्थानीय लोग महाराणा राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के नाम से जानते है। ऐसे में जब परीक्षार्थियों द्वारा केंद्र के बारे में लोगो से जानकारी ली तो उन्हें उचित जानकारी समय रहते नहीं मिल पायी। जिसकी वजह से ये युवतियां परीक्षा केंद्र पर समय से दो मिनिट देरी से पहुँची और परीक्षा से वंचित रह गयी।

सेल्समैन की आंखों में मिर्ची झोंक दो लाख रुपये लूटे

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में बदमाशों ने पेट्रोल पंप सेल्समेन की आंखों में मिर्च झोंककर लूट को अंजाम दिया। सवाईपुर-ढ ेलाणा के बीच नेशनल हाइवे पर हुई इस वारदात के दौरान बदमाश 2 लाख 8 हजार रुपये लूटकर ले जाने में सफल रहे। बता दें कि पुलिस बदमाशों को ढूंढने के बजाय, वारदात को दबाने का प्रयास करती रही, ताकि मीडिया तक इसकी जानकारी नहीं पहुंचे। जानकारी के अनुसार, ढ़ेलाणा में स्थित मातेश्वरी फिलिंग स्टेशन पंप के सेल्समैन दलपत सिंह कैश जमा कराने के लिए बैग में 2 लाख 8 हजार रुपये रखकर बाइक से सवाईपुर स्थित बैंक के लिए रवाना हुआ।

इस दौरान दलपत, नेशनल हाइवे पर सवाईपुर और ढ़ेलाणा के बीच कपास फैक्ट्री के पास पहुंचा ही था कि एक अन्य बाइक उसके पीछे से आई। इस पर दो नकाबपोश सवार थे। बदमाशों ने चलती बाइक से ही दलपत की आंखों में मिर्च झोंक दी और बाइक की टंकी पर रखा बैग लूटकर फरार हो गये। इस बीच, आंखों में मिर्ची गिरने से दलपत सिंह बाइक सहित नीचे खाई में जा गिरा और बाइक सवार लूट को अंजाम देकर फरार हो गए। लूट की सूचना पर डीएसपी, बड़लियास व सवाईपुर चोकी पुलिस के साथ ही पेट्रोल पंप मालिक कानसिंह भी मौके पर पहुंचे।

हिरण्यकश्यप के 25 फीट के पुतले का वध होगा, 125 सालों से चली आ रही है परम्परा

नरसिंह जयन्ती आज, छप्पन भोग सजेगा, फूलबंगले के दर्शन होंगे, शहरभर में आयोजन होंगे

कोटा, (निसं)। वैशाख शुक्ल चतुर्दशी को नृसिंह जयंती शहर भर में धूमधाम से मनाई जाएगी। अलग-अलग संस्थाएं शहर भर में शनिवार को विभिन्न आयोजन करेंगी। अग्रवाल वैष्णव मोमीयां पंचायत के प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि विष्णु भगवान के चतुर्थ अवतार भगवान श्री नरसिंह जयन्ती का भव्य समारोह गांधी चौक रामपुरा पर आयोजित किया जाएगा।

यहां भगवान नरसिंह के स्वरूप द्वारा वध के समय दिन और रात का संध्याकाल सायं पर 6.45 बजे हिरण्यकश्यप के 25 फीट के पुतले का वध किया जाएगा। नरसिंह धर्माशाला के सचिव महेंद्र कुमार मित्तल ने बताया कि राम दरबार व शिवजी, हनुमान व भक्त प्रह्लाद की झांकी सजेगी। समारोह सांयकाल सूर्यास्त होते ही समय 6.45 बजे नृसिंह भगवान प्राकट्योत्सव होगा। इसके बाद हिरण्यकश्यपु का वध किया जाएगा। महाआरती के बाद ठंडाई व प्रसाद वितरण होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा, कोटा दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल, पार्षद सुनील वर्मा, सहवारित पार्षद चन्दू जैन, राजीव जैन होंगे। संस्था के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता के अनुसार यह परम्परा पिछले 125 वर्षों से चली आ रही है। पहले यह समारोह रामपुरा चौक में होता था। सन 1905 में दरबार द्वारा नरसिंह धर्मशाला के सामने (अभी गांधी चौक है) जगह उपलब्ध कराई।

कोटा में हिरण्यकश्यप का पुतला तैयार करता कलाकार।

जबसे समाज द्वारा जनता के लिए समारोह आयोजित होता आ रहा है। जिसमें भगवान नरसिंह द्वारा हिरण्यकश्यपु के पुतले का वध किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आम लोग पुतले के कागज व लकड़ियां अपने घरों में ले जाकर घर के बाहर लगाते हैं। जिससे साल भर कोई विघ्न न हो। इसके बाद कई माताएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को भगवान की गोद में देकर आशीर्वाद दिलाती हैं। मान्यता है कि जिससे बच्चे रात को डरते नहीं हैं और बीमारियों से मुक्त रहते हैं।

किशोरपुरा दरवाजे पर स्थित प्राचीन नरसिंह मन्दिर के पुजारी मयंक शर्मा ने बताया कि नरसिंह जयन्ती के अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर के पास सुबह 7 बजे भगवान का पंचामृत से महाअभिषेक, दिन में 3 बजे से शृंगार, छप्पन भोग व फूल बंगला के दर्शन होंगे। वहीं शाम 4 बजे सुंदरकांड पाठ और सांय 7.30 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण होगा।